

पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

नरगिस फाखरी ने बॉयफ्रेंड से की गुपचुप शादी!


मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

■ वर्ष : 42 ■ अंक : 297 ■ सोमवार, 24 फरवरी 2025 3 रुपए ■ पृष्ठ 4

FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com

संपादक - हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



NEWS LIVE Google Play GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe


# जलकुंभी से घिरी उल्हास नदी



■ उल्हास नदी का पानी फिर से हो गया हरा

■ शरीर में खुजली की शिकायत

**उल्हासनगर.** कर्जत शहर से होकर बहने वाली उल्हास नदी का पानी कई जगह पर हरा हो गया है क्योंकि उल्हास नदी इस समय जलकुंभी से ग्रस्त है। इसके अलावा प्रदूषण के कारण पानी पर हरापन भी दिखने लगा है। परिणामस्वरूप, पानी के कारण शरीर पर खुजली होती है और बीमारी का खतरा बढ़ जाता है।

कर्जत में उल्हास नदी इस समय गंभीर जल संकट से जूझ रही है। उल्हास नदी में बड़ी संख्या में जलकुंभी जमा हो गए हैं। जलकुंभी को हटाने का कार्य अक्सर किया जाता था। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि एकत्र किए गए जलकुंभी को पुनः नदी में डाल दिया जा रहा है। नेरल, शेलु और वांगनी क्षेत्रों में नदियों में पानी बहने से जल प्रदूषित हो रहा है। कर्जत शहर में शहरी बस्तियों से निकलने वाले गंदे पानी को नदी में बहा दिया गया है।

पिछले तीन महीनों से कर्जत शहर के आसपास उल्हास नदी का पानी हरा हो गया है। यह हरा-भरा जलकुंभी का जंगल सीवेज के पानी से बना है। कर्जत शहर से कुछ मात्रा में सीवेज नदी के माध्यम से नीचे की ओर बहता है। इस पानी में प्रतिदिन जलकुंभी तैरती हुई दिखाई देती हैं और फिर बारहमासी बहने वाली उल्हास नदी में तैरती हुई दिखाई देती है. पिछले कुछ वर्षों में, लगातार शहरीकरण के शिकार हुए नेरल शहर और गांवों के आवासीय क्षेत्रों से निकलने वाला सीवेज भी मानसून के दौरान माथेरान पहाड़ों से पानी लाने वाले नाले में बहा दिया गया है। वह धारा फिर उल्हास नदी में मिल जाती है। जलकुंभी को देखकर यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि उल्हास नदी प्रदूषित हो चुकी है। वहीं, पर्यावरणविदों और उल्हास नदी जल संरक्षण समिति ने भी इस मुद्दे पर चर्चा शुरू कर दी है।

### मटमैला व चिपचिपा हुआ पानी

पहले जलकुंभी अक्सर मई के महीने में देखी जाती थी। हालांकि, पिछले दो वर्षों से जनवरी से ही जलकुंभी पानी में तैरती नजर आती रही हैं। नदी का पानी न केवल मटमैला हो गया है, बल्कि चिपचिपा भी हो गया है, वहीं दूसरी ओर बहती नदी में तैरने का आनंद लेने वालों के शरीर पर खुजली बढ़ने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके परिणामस्वरूप नदी में तैरने जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आई है।

## कचरे के जमाव से प्रदूषित हो रही नदियां





■ ग्रामीणों द्वारा नदी सफाई अभियान

■ बड़ी मात्रा में कचरा हटाया गया

■ नदी को कचरा मुक्त बनाने का प्रयास

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ तालुका से होकर बहने वाली नदियाँ कचरे के जमाव के कारण प्रदूषित हो रही हैं। इसे ध्यान में रखते हुए अंबरनाथ तालुका के ग्रामीणों ने नदी सफाई अभियान चलाया। वनशक्ति के माध्यम से चामटोली, कोपराची वाडी और चिंचवाली के ग्रामीणों ने एक साथ मिलकर आज उल्हास नदी की सहायक नदी बेसिन में सफाई अभियान चलाया। इस सफाई अभियान में भाजपा विधायक किसन कथोरे भी शामिल हुए। संगठन के सदस्यों और ग्रामीणों ने सुबह से ही नदी के किनारे सफाई अभियान चलाया और बड़ी मात्रा में कचरा हटाया। इस नदी को कचरा मुक्त बनाने का प्रयास किया गया।

■ नदी में कचरा न फेंकें

अब स्थानीय लोगों को इस नदी में कचरा फेंकने से रोकने के लिए उपाय किए जा रहे हैं चूंकि यह पानी उल्हास नदी से आता है, बदलापुर, अंबरनाथ और कल्याण के निवासी इसी पानी का इस्तेमाल पीने के लिए करते हैं। इसलिए अपील की गई कि अब हम सभी को इस नदी की सफाई का जिम्मा उठाना चाहिए।

## अंबरनाथ में सफाई कर्मचारियों द्वारा हंगामा



■ सफाई कर्मचारियों ने JCB का कांच तोड़ा

■ ठेका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुरू

■ मामला पुलिस तक पहुंचा

■ ठेका सफाई कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगरपरिषद के ठेका सफाई कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने के कारण रोष में आए सैकड़ों कर्मचारियों ने अंबरनाथ पश्चिम स्टेशन चौक पर कचरा उठाने आए जेसीबी पर पत्थर मारकर उसका कांच तोड़कर अपना गुस्सा जाहिर किया और चौक पर ही जमकर हंगामा किया। अंबरनाथ पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों को समझाया। विदित हो कि सफाई ठेका कर्मचारियों को दो महिने से वेतन नहीं मिलने के कारण वह हड़ताल पर हैं और शहर से दूसरे सफाई कर्मचारियों को कचरा उठाने नहीं दे रहे हैं। स्टेशन चौक पर कचरा ज्यादा जमा होने के कारण ठेकेदार शनिवार सुबह एक डंपर और जेसीबी लेकर कचरा उठाने पहुंचा तो हड़ताल कर्मचारियों ने हंगामा शुरू कर दिया और पत्थर मारकर जेसीबी का कांच तोड़कर अपना रोष व्यक्त किया।

कर्मचारियों का कहना है कि पहले वेतन दो बाद में शहर का कचरा उठाओ। अब ये मामला पुलिस तक पहुंच गया है। लोगों में चर्चा है कि अगर ठेकेदार का बकाया 7 करोड़ रुपए नपा दे देती तो ठेकेदार कर्मचारियों को वेतन देता। शहर में कचरा जमा होने की जिम्मेदार नपा प्रशासन है। अब ये हड़ताल कब समाप्त होगी यह कहा नहीं जा सकता है। लेकिन यह मामला लंबा खिंच सकता है।

## बदलापुर में बाइक चोर सक्रिय

■ वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद

■ दोपहिया वाहन चुराकर चोर फरार

■ चोर को पकड़ने की मुहिम शुरू



**बदलापुर.** बदलापुर में एक चोर ने दिनदहाड़े दोपहिया वाहन चुरा लिया। चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। बाइक बदलापुर में बीके दुकान के बाहर मुख्य सड़क के किनारे खड़ी थी। लेकिन तभी वहां एक चोर आया, उसने बाइक स्टार्ट की और उसे लेकर भाग गया। इस बीच, पुलिस अब सीसीटीवी के आधार पर चोर की तलाश कर रही है।

## उल्हासनगर 3 के दुकान में भीषण आग

■ फालोवर लाईन परिसर की घटना

■ तड़के सुबह लगी आग

■ आग बुझाने में 3 घंटे लगे

■ 10-12 फायर ब्रिगेड की मदद से बुझी आग



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर 3 स्थित फालोवर लाईन ईमली पाडा जाने वाले रास्ते के पास जेठा एंटरप्राइजेज नामक बैनर बनाने वाले दुकान में भीषण आग आज शनिवार तड़के सुबह 4 बजे लगी। अग्निशमन विभाग को तुरंत सूचना दी गई जहां 10-12 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से आग को बुझाने में साढ़े तीन घंटे का समय लगा करीब 7.30 बजे आग को बुझाया गया।

आग से दुकान में रखा सामान व मशीनरी जलकर खाक हो गए। बताया जा रहा है कि आग शार्ट सर्किट से लगी थी। इस घटना से परिसर में हड़कंप मच गया। आग को बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## बदलापुर के वन में आग

■ सैकड़ों एकड़ वन संपदा नष्ट

■ जंगली जानवरों को भी खतरा

■ वन विभाग बेपरवाह

■ जंगलों में आग से ग्रामीण परेशान

**बदलापुर.** बदलापुर के पास सोनीवली इलाके के पहाड़ों में भीषण आग लग गई है। इस आग में सैकड़ों एकड़ वन संपदा नष्ट हो गई है। वहीं, इस आग के कारण जंगली जानवरों को भी भारी खतरा होने की आशंका है।

बदलापुर से दो से तीन किलोमीटर दूर तक भीषण आग की लपटें दिखाई दे रही हैं। ग्रामीणों ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि पिछले कुछ घंटों से जंगल में इतनी बड़ी आग लगी हुई है, लेकिन मौके पर कोई वन विभाग का अधिकारी या कर्मचारी मौजूद नहीं है। वर्तमान में जंगल का आकार बढ़ गया है और आग के कारण आगे बढ़ता जा रहा है। आदिवासियों का कहना है कि इस आग से बड़ी मात्रा में वन संपदा के जलकर खाक होने की आशंका है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी ने यह आग लगाई है।

## शिवमंदिर यात्रा पर कई सड़कों से प्रवेश बंद

■ अंबरनाथ यातायात एवं पुलिस उपायुक्त ट्रैफिक द्वारा आदेश जारी



**अंबरनाथ.** महाशिवरात्रि पर्व पर शिवमंदिर की एक दिवसीय यात्रा के दिन अंबरनाथ यातायात विभाग की हद में 25 फरवरी 8 बजे से 27 की सुबह 5 बजे तक शहर पूर्व एवं उल्हासनगर से आने वाली कुछ सड़कों पर यातायात प्रवेश बंद रखने का आदेश ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त पंकज शिरसाट ने जारी किया है.

विदित हो कि 26 फरवरी को अंबरनाथ के ऐतिहासिक शिवमंदिर की यात्रा है. इस दिन भक्तों की भारी भीड़ हो जाती है. भक्तों को परेशानी ना हो इसके लिए कुछ सड़के के लिए प्रवेश बंद की अधिसूचना को जारी किया गया है. शहर पूर्व में हिंदू श्मशान भूमि गोविंद तीर्थ पुल जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों को श्मशान भूमि के पास प्रवेश बंद रहेगा. वैभव होटल से अंबरनाथ रेलवे स्टेशन मार्ग, मटका चौक तक आनेवाली सभी वाहनों को वैभव होटल के पास से प्रवेश बंद रहेगा. कैलाश कालोनी, उल्हासनगर-5 स्वामी समर्थ चौक अंबरनाथ तक सभी वाहनों के लिए कैलाश कालोनी से प्रवेश बंद रहेगा. अंबरनाथ मटका चौक से हुतात्मा चौक को जाने वाले वाहनों को मटका चौक से प्रवेश बंद का आदेश जारी किया गया है. अंबरनाथ-बदलापुर एमआईडीसी से मजदूरों को लाने वाली बसों, वाहनों को टी जंक्शन से फारेस्ट नाका से शहर पश्चिम में गांधी जौक पर छोड़ने के लिए कहा गया है. ये आदेश अत्यावश्यक सेवा वाहनों के लिए लागू नहीं होगा.

## अभय योजना के बाद कोई माफी नहीं

■ आयुक्त आव्हाले ने बकायेदारों को दिया संकेत

**उल्हासनगर.** जनमत का सम्मान करते हुए मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने संपत्तिकर विभाग के लिए अभय योजना को तीन चरणों में लागू किया। हालांकि आयुक्त ने संकेत दिया है कि यदि बकायादार संपत्ति कर का भुगतान नहीं करते हैं तो छूट नहीं दी जाएगी।

उल्हासनगर महानगरपालिका का राजस्व बढ़ाने के लिए तत्कालीन आयुक्त ने एक ही वर्ष में दो बार संपत्तिकर विभाग के लिए अभय योजना लागू की। हालांकि जनवरी के अंत तक विभाग की वसूली 75 करोड़ रुपये से अधिक नहीं हो सकी। आयुक्त मनीषा आव्हाले ने जब संपत्ति कर विभाग की समीक्षा की तो बकाया राशि 600 करोड़ रुपए से अधिक पाई गई। जैसे ही संपत्ति कर विभाग ने बकाया वसूली के लिए अपना अभियान तेज किया, राजनीतिक नेताओं ने संपत्ति कर और जल कर विभाग के लिए अभय योजना की मांग की।

अंततः... आयुक्त मनीषा आव्हाले ने अभय योजना को तीन चरणों में क्रियान्वित किया। अभय



योजना का पहला चरण 24 फरवरी से 6 मार्च तक चलेगा। यदि संपत्ति कर बकाया सहित वर्तमान राशि का भुगतान एक किस्त में किया जाता है, तो विलंब दंड का 100 प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा। दूसरा चरण 7 से 12 मार्च के बीच होगा, और यदि बकाया राशि का भुगतान 25 प्रतिशत विलम्ब शुल्क के साथ एकमुश्त किया जाता है तो 75 प्रतिशत विलम्ब शुल्क माफ कर दिया जाएगा। तीसरे चरण में, यदि संपत्ति कर की बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त किया जाता है तथा साथ ही विलम्ब शुल्क का 50 प्रतिशत भुगतान किया जाता है, तो बकाया राशि पर विलम्ब शुल्क का 50 प्रतिशत माफ कर दिया जाएगा। अभय योजना के बाद भी बकायादारों ने संपत्ति कर का भुगतान नहीं किया, तो उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश आयुक्त अव्हाले ने दिए।

### बचत गट द्वारा अभय योजना जागरूकता अभियान

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका प्रशासक एवं आयुक्त मनीषा आव्हाले द्वारा दिए गए निर्देशानुसार उल्हासनगर महानगरपालिका अंतर्गत अंतिम सुरक्षा योजना 2024-25 लागू कर दी गई है।

उक्त अभय योजना के मद्देनजर अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस, उपायुक्त विशाखा मोटघरे, सहायक आयुक्त अजय साबले के मार्गदर्शन में उल्हासनगर महानगरपालिका मुख्यालय में महिला स्वयं सहायता समूहों की एक जागरूकता बैठक आयोजित की गई। सभी नागरिकों से महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अंतिम अभय योजना का लाभ उठाने की अपील की गई।

इस जागरूकता अभियान के दौरान नगर निगम की कर निर्धारक एवं कलेक्टर नीलम कदम, कर निरीक्षक, वसूली क्लर्क सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## क्राइम ब्रांच ने पकड़ा नवी मुंबई का चोर

■ घनसोली में की सेंधमारी

■ सोने की अंगूठियां जब्त

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच की टीम ने नवी मुंबई के घनसोली के एक घर में सेंधमारी करने वाले अपराधी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से सोने की अंगूठियां और 21,000 रुपये के कीमती सामान बरामद किए गए हैं। घनसोली के एक घर में खिड़की के रास्ते प्रवेश कर सोने के आभूषण चुरा लिए गए। इस मामले में रबाले पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था, तब से आरोपी फरार थे। उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के कांस्टेबल सुरेश जाधव को अपने गोपनीय मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी पंकज राजपूत शिलफाटा में मजदूरी का काम कर रहा है। उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक कोली के



नेतृत्व में पुलिस उपनिरीक्षक प्रवीण खोचरे, सचिन कुंभार, कांस्टेबल सुरेश जाधव, प्रकाश पाटिल, रितेश वंजारी और प्रसाद तोंडलीकर ने जाल बिछाया और शिलफाटा इलाके से पंकज राजपूत को गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा चोरी की गई संपत्ति भी जब्त कर ली गई है। आरोपी को आगे की जांच के लिए रबाले पुलिस को सौंप दिया जाएगा।

## अंबरनाथ के भुंगा ने कल्याण के मथुर बैल को हराया

**भुंगा ने दौड़ जीतकर बिनजोड का खिताब जीता**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के पूर्व नगरसेवक, शहर रिक्शा यूनियन अध्यक्ष एवं सावकार ग्रुप के कर्ताधर्ता मिलिंद पाटिल के भुंगा नामक बैल ने कल्याण के मथुर बैल को हराकर बिनजोड़ का खिताब जीता है. वांगनी के पास खाड्याचा पाड़ा में शिवजयंती उत्सव पर हुए बैलों की दौड़ मुकाबले में भुंगा ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मथुर बैल को परास्त करते हुए मुकाबला जीता.

मिलिंद पाटिल का भुंगा बैल, बदलापुर के पालकरया बैल की दौड़ और कल्याण राहुल पाटिल के मथुर बैल और विमान बैल के बीच मुकाबला हुआ. जोरदार हुए मुकाबले में भुंगा और पारवरिया बैल ने आखिरी क्षण में बाजी मार ली और बिनजोड़ का खिताब जीता. मिलिंद पाटल और उनके साथी खुशी से उछल पड़े और जोरदार जश्न मनाया. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने जीत के बाद भुंगा बैल और मिलिंद पाटिल का स्वागत करते हुए उन्हें मुबारकबाद देते हुए प्रशंसा की है. विदित हो कि राहुल पाटिल का मथुर बैल ये बिन जोड़ माना जाता है. मिलिंद पाटिल उनके परिवार एवं साथियों ने भुंगा बैल को माथे पर टीका लगाकर उसको फूलों का हार पहनाया और जश्न मनाया. मिलिंद पाटिल ने कहा है कि हमारे बैल भुंगा ने सावकार ग्रुप के नाम को रोशन किया है.

## उल्हासनगर से प्राचीन शिव मंदिर तक जाने वाली सड़क की मरम्मत



**उल्हासनगर.** महाशिवरात्रि से पहले मनपा ने प्राचीन अंबरनाथ शिव मंदिर तक जाने वाली सड़क की मरम्मत की। हालांकि एमएमआरडीए के तहत नेताजी से कैलाश कॉलोनी सड़क पर पिछले दो वर्षों से काम चल रहा है, लेकिन सड़क का काम अधूरा है। हालाँकि, आयुक्त मनीषा आव्हाले के आक्रामक रुख ने सड़क को चकाचक बना दिया है।

उल्हासनगर में 7 मुख्य सड़कों का काम एमएमआरडीए के माध्यम से 150 करोड़ रुपये की निधि से किया जा रहा है। सड़क निर्माण आदेश की अवधि समाप्त होने के काफी समय बाद भी सड़क का कार्य अधूरा पड़ा है। नेताजी चौक से कैलाश कॉलोनी तक की सड़क अंबरनाथ के प्राचीन शिव मंदिर तक जाने वाली मुख्य सड़क है। मनसे और अन्य राजनीतिक नेताओं ने आयुक्त मनीषा अव्हाले से इस सड़क की मरम्मत करने का अनुरोध किया था। आयुक्त ने अधूरे कार्य के लिए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी किया तथा सड़क की मरम्मत कराई। उन्होंने महाशिवरात्रि के अवसर पर तीर्थयात्रियों को आराम और सुविधा प्रदान करने का भी वादा किया है। महाशिवरात्रि से पहले नेताजी चौक से कैलाश कॉलोनी तक सड़क की मरम्मत होने से श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली है। मनसे जिला प्रमुख बंडू देशमुख और शहर अध्यक्ष संजय घुगे ने एमएमआरडीए के मुख्य अभियंता धनंजय चमलवार और अभियंता अमोल जाधव के साथ सड़क की मरम्मत के संबंध में मनपा से संपर्क किया था।

### 3 से 7 मार्च के बीच हरिद्वार महायात्रा का आयोजन

**उल्हासनगर.** स्थानीय कैंप क्रमांक 3 स्थित धनगुरू नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहीरिया सिंह साहिब और आदि अम्मा ग्रुप के सौजन्य से हर साल की तरह इस वर्ष भी हरिद्वार महायात्रा 2025 का आयोजन किया जा रहा है.

दरबार के गादीसर भाई साहिब जसकीरत सिंह साहिब की उपस्थिति में हरिद्वार की यह महायात्रा 3 मार्च से 7 मार्च के बीच आयोजित की जा रही है. इस हरिद्वार महायात्रा में संपूर्ण देशभर से संगत शामिल होने आ रही है. विदेशों से भी संगत शामिल होंगी. महायात्रा के दौरान बहराना साहब तथा 5 मार्च को महान कीर्तन दरबार का आयोजन किया जाएगा. जिसमें भाई चमन जीत सिंह लाल और भाई सनी मूलचंदानी भक्ति कीर्तन पाठ कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे. उन्होंने सभी भक्तगणों और संगत साधकों से विनंती की है,महायात्रा में शामिल होकर यात्रा को सफल बनाए और गुरुवाणी,संगत, प्रवचनों,लंगर और भ्रमण का आनंद उठाएं.

## मंदिर में देवी देवताओं का हुआ प्राण प्रतिष्ठा समारोह



■ उल्हासनगर के कौशल नगर में मंदिर

■ गोपीनाथ मुंडे हॉल में आयोजित कार्यक्रम

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर के कौशल नगर मोहटा देवी मंदिर परिसर में स्वर्गीय गोपीनाथ मुंडे हॉल में बजरंग बली, दुर्गा माता, संतोषी माता और भगवान झूलेलाल जैसे विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा का समारोह आयोजित किया गया। मंदिर में 17 फरवरी से ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा था। शुक्रवार को हवन और भंडारे के आयोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस उद्घाटन समारोह में विधायक कुमार आयलानी, आदिनाथ महाराज शास्त्री, धनंजय बोडारे, महेश सुखरामानी, जमनू पुरुस्वानी पुरसवानी और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उल्हास विकास
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगढ़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक



**जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि**

उल्हास विकास

संपादकीय

## OTT पर गंदे चुटकुले और फूहड़ कॉमेडी!

पिछले कुछ वर्षों में इंटरनेट के विस्तार के साथ ओटीटी मंचों पर भी हास्य कार्यक्रमों के नाम पर जिस तरह फूहड़ और अश्लील सामग्री परोसी जाने लगी है, वह कई बार मानसिक विकृति से भरी होती है।

हाल ही में एक ओटीटी मंच पर एक कथित हास्य कलाकार के कार्यक्रम में जैसी बातचीत सामने आई, उसे किसी भी लिहाज से स्वस्थ मनोरंजन नहीं माना जा सकता। विडंबना है कि ऐसे कार्यक्रमों के दर्शक भी बिना किसी हिचक के कुंठाओं के प्रदर्शन में शामिल होते हैं। हालांकि समाज का एक बड़ा हिस्सा आज भी हास्य के नाम पर अश्लीलता को मानवीय गरिमा के विरुद्ध मानता है और स्वाभाविक ही इस मसले पर व्यापक आपत्ति उभरी।

सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित कथित कलाकार के प्रति नाराजगी जाहिर की। अब सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस मसले पर सख्त रुख अपनाते हुए ओटीटी मंचों को आचार संहिता और कानून का पालन करने का निर्देश दिया है। अश्लील सामग्री का प्रकाशन एक दंडनीय अपराध है। मंत्रालय के नोटिस में कहा गया है कि ओटीटी मंचों पर किसी भी सामग्री के प्रदर्शन में लागू कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आइटी नियम, 2021 के तहत 'कोड आफ एथिक्स' का ध्यान रखा जाए।

हास्य और मनोरंजन सेहत के लिए अच्छा है, लेकिन अगर इसकी वजह से लोगों के सोचने-समझने की प्रक्रिया विकृत होती है, यौन कुंठाओं की एक नई दुनिया बनती है, तो वह किसी भी समाज के लिए नुकसानदेह है। दरअसल, सामाजिक व्यवहार और इसके बारे में आम धारणा का विकास लोगों के सोचने-समझने के तरीके और उसकी अभिव्यक्तियों के सहारे होता है। ऐसे में अगर कुछ विशेष सुविधाओं में जीने वाले लोग अपनी सार्वजनिक अभिव्यक्तियों में हास्य के नाम पर अश्लीलता का बेहिचक प्रदर्शन करते हैं, तो निश्चित रूप से यह एक प्रतिगामी रवैया है। सवाल है कि महज हास्य के तर्क पर क्या किसी ऐसी प्रवृत्ति की इजाजत दी जानी चाहिए जो न केवल लोगों के भीतर कुंठा भरने का जरिया बनती, बल्कि उसी वजह से महिलाओं के खिलाफ आपराधिक वृत्ति का भी प्रसार होता है!

# अब बदलनी चाहिए दिल्ली की सूरत



दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद भाजपा ने मुख्यमंत्री के रूप में पहली बार की विधायक रेखा गुप्ता का चयन कर एक बार फिर चकित किया। रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री पद की प्रबल दावेदारों में नहीं थीं, लेकिन भाजपा नेतृत्व ने उन्हें ही इस पद के लिए उपयुक्त माना। उन्हें दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर महिला सशक्तीकरण का संदेश तो दिया ही गया, यह भी बताया गया कि मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा अलग ढंग से सोचती है।

रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री बनी हैं। उन्हें मुख्यमंत्री बनाकर केवल राजनीतिक संदेश ही नहीं दिया गया, बल्कि दिल्ली भाजपा की उस अंदरूनी राजनीति पर भी विराम लगाया गया, जो किसी अन्य को मुख्यमंत्री बनाने से उभर सकती थी।

दिल्ली देश की राजधानी है, लेकिन वह लंबे समय से केंद्र और राज्य सरकार के बीच झगड़े का शिकार बनी रही। पिछले 10-12 वर्षों में आम आदमी पार्टी सरकार और मोदी सरकार के बीच झगड़ा होता रहा। इसके पहले जब शीला दीक्षित 15 वर्षों तक के लिए मुख्यमंत्री थीं तो उनके शासन काल के प्रारंभिक समय में केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी। इसके बाद भी दोनों में समन्वय और सहयोग देखने को मिला।

2004 में केंद्र में मनमोहन सिंह की सरकार आ गई और दोनों सरकारों के बीच सामंजस्य कायम रहा। इसका लाभ दिल्ली को मिला और उसका ठीक-ठाक विकास भी हुआ। इससे दिल्ली की सूरत संवरी। दिल्ली पर केवल राजधानी में रहने वाली आबादी का ही बोझ नहीं है। वह एनसीआर के शहरों की आबादी के दबाव को भी झेलती है। चूंकि आम आदमी पार्टी सरकार केंद्र सरकार से हर मसले पर उलझती रही, इसलिए बीते दस वर्षों में उसका सही से विकास नहीं हो पाया और उसका आधारभूत ढांचा चरमरा गया। दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में एक बड़ी संख्या में अन्य राज्यों के लोग भी रहते हैं।

उत्तर भारत के लोग बड़ी संख्या में नौकरी की चाह में दिल्ली और एनसीआर के शहरों में आते रहते हैं। इससे दिल्ली के आधारभूत ढांचे पर आबादी का दबाव बढ़ता रहता है। दिल्ली विकास प्राधिकरण यानी डीडीए ने राजधानी के गांवों की जमीनें अधिग्रहित कर नियोजित कालोनियां तो बनाईं, लेकिन उसने गांवों के नियोजित विकास पर ध्यान नहीं दिया।

इससे इन गांवों और उनके आसपास अनियोजित विकास होता रहा और वोट बैंक की राजनीति के कारण वहां नियोजित विकास नहीं किया गया। राजनीतिक नुकसान के भय से दिल्ली के अनियोजित विकास को रोकने के लिए किसी भी दल की सरकार ने ठोस कदम नहीं उठाए। देखना है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता दिल्ली के अनियोजित विकास को नियोजित करने के लिए कड़े फैसले ले पाएंगी या नहीं?

दिल्ली में न केवल देश भर के लोग रहते हैं, बल्कि काम के सिलसिले में वे यहां आते भी रहते हैं। ये लोग दिल्ली की दुर्गति देखते हैं और उसकी चर्चा करते हैं। इससे भी दिल्ली की नकारात्मक छवि बनती है। दिल्ली का लुटियंस जोन कहे जाने वाले इलाके की शानो-शौकत अलग ही दिखती है।

यहां केंद्र सरकार के कार्यालय भी हैं और मंत्री, सांसद, नौकरशाहों, न्यायाधीशों के आवास भी। इस क्षेत्र की देखभाल एनडीएमसी यानी नई दिल्ली नगरपालिका परिषद करती है और शेष दिल्ली की एमसीडी अर्थात दिल्ली नगर निगम।

एनडीएमसी और एमसीडी के अधिकार क्षेत्र वाले इलाकों की अलग-अलग सूरत के चलते लोगों को यही संदेश जाता है कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के लोगों ने अपने क्षेत्र को तो संवार रखा है, लेकिन बाकी दिल्ली को उसके हाल पर छोड़ रखा है।

यह संदेश इसलिए भी जाता है, क्योंकि बेतरतीब विकास के चलते एमसीडी नियंत्रित इलाकों का आधारभूत ढांचा बुरी तरह चरमराया हुआ दिखता है। इस चरमराए हुए ढांचे से दिल्ली और यहां आने वाले देश-विदेश के नागरिक दो-चार होते रहते हैं। एमसीडी के अधिकार क्षेत्र वाली दिल्ली में टूटी सड़कें तो दिखती ही हैं, यातायात जाम और गंदगी भी नजर आती है।

दिल्ली से बहने वाली यमुना भी बुरी तरह प्रदूषित है। यह भी दिल्ली पर एक दाग है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि वोट बैंक की राजनीति के कारण दिल्ली में झुग्गी बस्तियां बन गई हैं। उन्हें नियमित भले कर दिया जाता हो, लेकिन वे नागरिक सुविधाओं से वंचित ही दिखती हैं।



संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

प्रकाश और प्रेम ही हमारा सच्चा स्वरूप है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# मुफ्त का माल, चुनावी धमाल!

सरकारों को शायद अब इस बात की चिंता बिल्कुल नहीं रह गई है कि मुफ्त की योजनाएं चलाने से खजाने पर पड़ने वाले बोझ की भरपाई कहां से हो पाएगी। इसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय भी नसीहत दे चुका है और अनेक अर्थ-विशेषज्ञ सावधान करते रहे हैं, पर हर सरकार चुनावी समीकरण को ध्यान में रखते हुए न केवल पहले से चल रही मुफ्त की योजनाओं को जारी रखने का प्रयास करती हैं, बल्कि कुछ नई योजनाएं भी घोषित करती देखी जाती हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का इस वर्ष का बजट इसका ताजा उदाहरण है। वहां पहले से विद्यार्थियों, खासकर छात्राओं को मुफ्त लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल फोन आदि बांटने की योजना चल रही है।

इस बजट में मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी बांटने के लिए चार सौ करोड़ रुपए का आबंटन किया गया है। आठ लाख आठ हजार सात सौ छत्तीस करोड़ रुपए के इस बजट में पिछले वर्ष की तुलना में 9.8 फीसद अधिक धन का प्रावधान किया गया है। मगर बजट का काफी बड़ा हिस्सा मथुरा-वृंदावन और मीरजापुर जैसी जगहों पर धार्मिक गलियारों के विकास, मंदिरों के जीर्णोद्धार-पुनरुद्धार और द्रुतगामी मार्गों के लिए आबंटित किया गया है। इसके अलावा, पहले से चल रही लखपती दीदी जैसी योजनाओं का दायरा और बढ़ाने के लिए बड़ी राशि आबंटित की गई है। बजट सरकार के कामकाज का आईना होते हैं। वे इस बात का पता देते हैं कि कोई सरकार अगले एक वर्ष में क्या काम करने जा रही है और उसकी प्राथमिकता क्या होगी। अपेक्षा की जाती है कि सरकारें जनकल्याण और सामाजिक कल्याण के कार्यों पर अधिक



खर्च करें। ऐसी योजनाओं को प्रोत्साहित करें, जिससे राज्य और देश के आर्थिक विकास को बल मिले। मुफ्त की योजनाओं का व्यापक अनुभव यही रहा है कि वे अनुत्पादक साबित होती हैं। उनसे सरकार पर वित्तीय बोझ ही बढ़ता है। पिछले दिनों सर्वोच्च न्यायालय ने कड़े शब्दों में कहा कि सरकारें मुफ्त की योजनाएं चला कर लोगों को अकर्मण्य बना रही हैं। इसके बावजूद अगर उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने बजट में चार सौ करोड़ रुपए मुफ्त स्कूटी बांटने के लिए आबंटित किए हैं, तो जाहिर है, उसका मकसद अगले चुनाव में लोगों को आकर्षित करने का है, इसके कोई उत्पादक नतीजे नहीं निकलने वाले। इसके बरक्स विचित्र है कि सरकार ने उच्च शैक्षिक संस्थानों और राज्य विश्वविद्यालयों में आधारभूत ढांचा मजबूत करने के लिए महज पचास करोड़ रुपए आबंटित किए हैं। नए बन रहे महाविद्यालयों के लिए भी पचास करोड़ रुपए तय किए हैं।

उत्तर प्रदेश में शिक्षा के स्तर को लेकर अनेक बार अंगुलियां उठती रही हैं। बोर्ड परीक्षाओं में नकल, प्रतियोगी परीक्षाओं में पर्चाफोड़ और अनियमितताओं आदि को लेकर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में अगर मेधावी छात्राओं को मुफ्त स्कूटी दे भी दी जाए, तो उनके जीवन में कितना बदलाव आ जाएगा, कहना मुश्किल है। अगर शिक्षा का स्तर सुधारने को लेकर सरकार सचमुच संजीदा होती, तो वह शैक्षिक संस्थानों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सुविधाएं बेहतर बनाने, स्कूल-कालेजों में अध्यापकों के खाली पदों पर भर्ती आदि पर जोर देती। स्कूटी, लैपटाप, टैबलेट, मोबाइल जैसे साधन देने से वास्तव में उन्हें कितना लाभ मिलेगा, इसका आकलन शायद नहीं किया गया। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार इकलौती नहीं है, जो ऐसी मुफ्त की योजनाओं पर जोर दे रही है, ज्यादातर राज्य सरकारों ने यही रास्ता पकड़ रखा है।

# बिजली के खंबे पर ऊंचा बांस लगाकर किया खतरनाक स्टंट

**जरा हट के**

सोशल मीडिया पर आपको, प्रैंक, फेक या फनी वीडियो तो खूब मिलेंगे. पर कई बार कुछ वीडियो वाकई असली होकर हैरान करने वाले होते हैं. ऐसे कुछ वीडियो तो देखकर कई बार यकीन ही नहीं होता कि ऐसे वीडियो असली भी हो सकते हैं. पर एक वीडियो ने लोगों को सकते में डाल रखा है. यह असंभव तो नहीं है, लेकिन ऐसा स्टंट या ऐसी कलाकारी करने वाले लोग बहुत कम दिखते हैं. इस वायरल वीडियो में एक लड़के ने बिजली के खंबे पर भी ऊंचा बांस लगातर उसके शीर्ष पर अनूठा करतब दिखा कर लोगों को हैरान किया है.

वीडियो में को देख कर उन नटों की याद आती है जिन्हें सालों पहले किसी सड़क पर करतब करते देखा जाता था. इस शख्स ने भी ऐसा ही कुछ किया लेकिन कुछ बहुत ही अलग हट कर किया. वीडियो में दिख रहा है कि एक लड़का



बिजली के खंबे पर लगे ऊंचे बांस पर चढ़ रहा है. केवल इतना सा ही नजारा डराने वाला है क्योंकि ऐसे बांस पर चढ़ना ही कम खतरनाक नहीं है.

लेकिन लड़का ना सिर्फ ऊंचे बांस पर चढ़ जाता है, बल्कि बांस के शीर्ष पर पहुंच कर, बांस की नोक पर ही अपने पूरे शरीर को ही पेट के बल टिका देता है. इसके बाद वह हांथ से बांस पकड़ कर खुद को तेजी से घुमाने लगता है. इतना ही नहीं इस बीच वह बांस से हाथ भी हटा लेता है. और उसकी घूमने की रफ्तार भी बढ़ जाती है.

इंस्टाग्राम पर यह वीडियो rakhidevi5903 अकाउंट से शेयर किया गया है. 69 लाख लोगों ने देखा है. वीडियो पर ज्यादातर लोगों को यही याद आया कि गरीबी और मजबूरी इंसान से क्या क्या नहीं करवाती. कई लोगों ने वीडियो को लाइक करने की अपील की है. एक यूजर ने कहा कि पेट भरने के लिए क्या क्या करना पड़ता है. कुछ लोगों ने इस शख्स को रियल हीरो बताया. एक कमेंट में तो लिखा था, "सलमान गोविंदा इसके आगे कुछ भी नहीं हैं."

# मौसमी बुखार को न करें नजरअंदाज

## स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह : सुरक्षित रहने के लिए बताए जरूरी उपाय

इन दिनों मौसम में तेजी से बदलाव हो रहा है, दिन में अधिक तापमान और सुबह-शाम इसमें गिरावट वाला सीजन आपके लिए समस्याकारक हो सकता है। इस तरह के बदलते मौसम में आपके बीमार पड़ने का खतरा भी बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इन दिनों सीजनल फ्लू का समस्या अधिक देखी जाती रही है। जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है उनके बीमार पड़ने की खतरा ज्यादा हो सकता है। बीमारियों से बचाव को लेकर सभी लोगों को अलर्ट रहने की जरूरत है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने इन दिनों में सभी लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की सलाह दी है। सीजनल फ्लू, इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होने वाला श्वसन संक्रमण है। यह दुनिया के सभी हिस्सों में आम है। अधिकांश लोग बिना उपचार के ही



ठीक हो जाते हैं। इन्फ्लूएंजा का संक्रमण खांसने या छींकने से आसानी से फैलता है।

### मौसम में बदलाव और फ्लू की समस्या

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा, संक्रमण को नियंत्रित करने और स्वस्थ रहने के लिए इन दिनों सभी लोगों को एहतियाती उपाय करना जरूरी है। यदि आप मौसमी फ्लू के लक्षणों का अनुभव करते हैं तो संक्रमण को फैलने से रोकने और परिवार के अन्य लोगों को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक सावधानी बरतें। इन्फ्लूएंजा के कारण बुखार होने या ठंड महसूस होने, खांसी-गला खराब होने, नाक बहने, मांसपेशियों या शरीर में दर्द के साथ थकान की दिक्कत बनी रहती है। कुछ लोगों को बुखार और लक्षणों को ठीक करने के लिए सामान्य उपचार की आवश्यकता हो सकती है।

### मंत्रालय की सलाह?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, मौसमी फ्लू के दौरान कुछ लोगों को उल्टी और दस्त हो सकते हैं, हालांकि यह वयस्कों की तुलना में बच्चों में अधिक आम है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी साक्षा करते हुए संक्रामक रोग से बचाव के लिए कुछ उपायों पर ध्यान देते रहने की सलाह दी है।

- घर पर रहें और लोगों के संपर्क में आने से बचें
- भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क अवश्य पहनें
- डॉक्टर से सलाह लेकर ही दवा लें।

मौसमी फ्लू के अधिकांश लक्षण 4 से 7 दिनों में दूर हो जाते हैं। खांसी और थकान हफ्तों तक बनी रह सकती है। बीमारी की स्थिति में भूख न लगने या खाने की इच्छा न होने की भी समस्या हो सकती है।

# घंटों बैठे रहने पर भी पेट नहीं होता साफ

**दिनभर चुस्त-दुरुस्त रहने के लिए पेट का साफ रहना जरूरी होता है। अगर पेट साफ नहीं होगा तो आपको बार-बार वॉशरूम जाना पड़ सकता है। सुबह पेट साफ न होने की कई वजह हो सकती हैं। जैसे शरीर में पानी की कमी, खाना-खाने का गलत समय, नींद पूरी न होना और गलत खान-पान। पेट साफ न होने की समस्या से पीड़ित लोग दिनभर गैस-एसिडिटी, पेट दर्द और सीने में जलन जैसी समस्याओं से परेशान रहते हैं। इस परेशानी से निपटकर एक ही बार में पेट साफ करने के लिए आप इन तरीकों को अपना सकते हैं।**



### तुरंत अपनाएं ये चीजें

1) पेट साफ करने के लिए सबसे जरूरी है कि आप खूब पानी पीना शुरू कर दें। ऐसा करने पर शरीर से सभी टॉक्सिन को बाहर निकालने में मदद मिलती है। इसके लिए सुबह सबसे पहले गुनगुने पानी को पीएं।

2) पेट साफ करने के लिए फाइबर से भरपूर चीजों को खाने में शामिल करें। ये आपके पाचन स्वास्थ्य को बनाए रखता है। फाइबर से पूर्ण चीजें मल त्याग को सही और नियमित रखती हैं। सेब, नाशपाती, स्ट्रॉबेरी, गाजर, अमरूद जैसी चीजें फाइबर से भरपूर होती हैं।

3) कब्ज से पीड़ित लोगों के लिए सेब, नींबू और एलोवेरा जैसे फलों और सब्जियों के रस के मिक्स में पोषक तत्व होते हैं। ऐसे में ये जूस कोलन मूवमेंट को ट्रिगर करके, पेट को साफ करते हैं।

4) एक बार में पेट साफ नहीं हो रहा है और अपच की समस्य हो तो पेट साफ करने के लिए आप एक गिलास गर्म पानी के साथ एक चम्मच हींग पाउडर डालकर पी सकते हैं।

5) पेट के लिए दही रामबाण मानी जाती है। एक रिसर्च के मुताबिक दही में पाया जाने वाला लैक्टिक एसिड पेट की समस्याओं में फायदा देता है। ऐसे में रोजाना की थीली में दही को शामिल करें या फिर खाने के बाद एक कटोरी दही खाएं या छाछ पीएं।

**खाना-खजाना**

# मटर निमोना

मटर निमोना खाने में बेहद स्वादिष्ट और जायकेदार होता है. ऐसे में किसी और सब्जी की जगह आप मटर निमोना सर्व करके सभी को इंप्रेस कर सकते हैं. आइए जानते हैं मटर निमोना बनाने की रेसिपी, जिसे फॉलो करके आप सर्दियों में टेस्टी और डिलिशियस डिश का लुत्फ उठा सकते हैं.

### सामग्री

मटर निमोना बनाने के लिए 2 कप ताजा मटर, 4 चम्मच पानी, 1 चम्मच जीरा, 8 काली मिर्च, 15 लहसुन की कलियां, 3 इंच अदरक का टुकड़ा, 4 हरी मिर्च, 7 चम्मच तेल, 4 आलू, 2 तेज पत्ता, 2 हरी मिर्च दो टुकड़ों में कटी हुई, 2 कप पानी, 1/2 चम्मच जीरा, 1/2 कप धनिया पत्ता, 1 1/2 चम्मच साबुत धनिया, 1/2 कप साबुत मटर, 1/2 चम्मच हल्दी पाउडर, 1/4 चम्मच



हींग और स्वादानुसार नमक ले लें.

### बनाने की रेसिपी

मटर निमोना बनाने के लिए सबसे पहले मिक्सर ग्राइंडर में मटर, धनिया पत्ता और थोड़ा सा पानी डालकर पीस लें. मगर ध्यान रहे कि पेस्ट ज्यादा महीन ना हो. इसलिए मटर को हल्का दरदरा ही पीसें और इसे बॉउल में पलटकर साइड में रख दें. वहीं निमोने का मसाला बनाने के लिए मिक्सर जार में जीरा, काली मिर्च, साबुत धनिया, लहसुन की कलियां, अदरक के टुकड़े, हरी मिर्च और पानी एड करें. सभी चीजों को पीसकर बारीक पेस्ट बना लें. निमोना की ग्रेवी बनाने के लिए कढ़ाई में तेल गर्म करें.

फिर इसमें आलू के टुकड़े डालकर डीप फ्राई कर लें. अब फिर कढ़ाई में तेल गर्म करें और इसमें हींग, जीरा और तेज पत्ता डालकर चलाएं. फिर इसमें हरी मिर्च और मटर का पेस्ट एड कर दें. सभी चीजों को 2 मिनट तक पकाएं. फिर इसमें साबुत मटर डालकर पकने दें. अब इसमें मसालों का पेस्ट डालें और कुछ देर पकाने के बाद पानी मिक्स कर दें. फिर इसमें फ्राई की हुई आलू डालकर 10 मिनट तक धीमी आंच पर पकाएं और गैस बंद कर दें. बस आपका मटर निमोना तैयार है,

# वजन घटाने का ये है 5 सिंपल फॉर्मूला

### हर उम्र के लोगों के लिए है फायदेमंद

खराब जीवनशैली, अनहेल्दी खानपान, शारीरिक रूप से एक्टिव ना रहने से आजकल अधिकतर लोग मोटापे का शिकार हो रहे हैं. वजन बढ़ने से काफी लोग परेशान हैं. कई तरह के तरकीब आजमाने के बाद भी वजन घटने का नाम नहीं लेता है. आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. दीक्षा भावसार ने सभी उम्र के लोगों के लिए 5 बेहद ही सामान्य से वजन घटाने के टिप्स अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किए हैं. आप डेली रूटीन में इसे फॉलो करके अपना वजन कंट्रोल में रख सकते हैं.

### 1. सर्कैडियन रिदम फास्टिंग

सूर्योदय से सूर्यास्त तक हम सभी भोजन करते हैं, इसका मतलब ये है कि आप 12 घंटे खाते हैं और बाकी 12 घंटे उपवास करते हैं. उदाहरण के लिए, आमतौर पर लोग नाश्ता सुबह 7-8 बजे और रात का खाना 7-8 बजे तक कर लेते हैं. आप रात के खाने से लेकर अगले दिन के नाश्ते तक उपवास करते हैं. पानी के अलावा कुछ भी नहीं खाते/पीते हैं. यह आपके शरीर को आप जो कुछ भी खाते हैं, उसे पचाने और अनावश्यक सभी चीजों को बाहर निकालने में मदद करता है. 12 घंटे का उपवास करके आप अपने पेट को पर्याप्त आराम देते हैं. इससे आपका वजन भी कम होता है.

### 2. पर्याप्त पानी पीना

जब आप अधिक और पर्याप्त रूप से पानी पीते हैं तो आपके खाने की क्रेविंग कम होती है, क्योंकि यह आपको तृप्त करता है. पर्याप्त पानी पीना आपके शरीर को डिटॉक्सीफाई करने का सबसे अच्छा तरीका है. यह उचित पाचन और उत्सर्जन में भी मदद करता है. कम पानी के सेवन से कब्ज, डिहाइड्रेशन हो सकता है, जिससे हार्मोन असंतुलित हो सकते हैं और वजन बढ़ सकता है. शरीर से अतिरिक्त चर्बी कम करने के लिए आप गर्म पानी पिएं.



### 3. चीनी, प्रॉसेस्ड फूड ना लें

वजन घटाने का सबसे ईजी फॉर्मूला है कि आप अधिक मीठा, तली हुई चीजें, प्रॉसेस्ड फूड का सेवन कम से कम करें. यह फॉर्मूला हर उम्र के लोगों पर लागू होता है. इन खाद्य पदार्थों से परहेज करने से आपके लीवर पर कम दबाव पड़ता है, जिससे बेहतर पाचन और डिटॉक्स होता है. यह आपकी आंत में सूजन को भी कम करता है, जिससे आपके द्वारा खाए जाने वाले खाद्य पदार्थों से बेहतर रूप से पोषण अवशोषित कर पाता है.

### 4. श्वसन क्रिया और टहलना है जरूरी

चलने-फिरने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही से बना रहता है. प्रत्येक दिन शारीरिक रूप से 60 मिनट एक्टिव रहें. इसके लिए एक्सरसाइज करें. दौड़ें, टहलें. इससे शरीर की सभी कोशिकाओं को पर्याप्त पोषण और ऑक्सीजन मिलता है. श्वसन क्रिया आपके मन को शांति प्रदान करती है. आपको मन लगाकर खाने में मदद करती है. सोच-समझकर भोजन करें. शरीर की आवश्यकता से अधिक/कम खाने की कोशिश ना करें, क्योंकि यह लेप्टिन-ग्रेलिन (भूख और तृप्ति हार्मोन) के स्राव में सामंजस्य स्थापित करता है.

### 5. अच्छी नींद लेना

नींद हमारे शरीर से अतिरिक्त चर्बी कम करने का सबसे अच्छा तरीका है. रात 10 बजे तक सोने से लिवर डिटॉक्स होता है, क्योंकि रात 10 बजे से 2 बजे तक पित्त प्रधान समय होता है. इससे वजन तेजी से कम होता है. खासकर अगर आपने रात का खाना जल्दी खा लिया हो लगभग 7-8 बजे से पहले. तो आपको वजन कम करना है तो प्रतिदिन भरपूर नींद लेना जरूरी है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## आज का राशिफल

**मेष** : रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें।

**वृषभ** : पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें।

**मिथुन** : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कर्क** : आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे। व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**सिंह** : तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें।

**कन्या** : वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें। व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें।

**तुला** : शत्रुओं का पराभव होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें।

**वृश्चिक** : संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

**धनु** : मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** : लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**कुंभ** : मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें।

**मीन** : पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### तेज रफ्तार कार ने कई गाड़ियों में मारी टक्कर, घटनास्थल पर मच गई चीख पुकार

**लखनऊ.** लखनऊ में बर्लिंगटन चौराहे के पास रतन स्क्वायर के सामने रविवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने एक ई-आटो, स्कूटी समेत कई गाड़ियों में टक्कर मार दी। हादसे में आटो सवार दो महिलाएं, एक बच्ची समेत पांच लोग घायल हो गए। घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। महिलाओं की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना से आक्रोशित राहगीरों ने कार चालक को पकड़कर पीट दिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया।

### सोल कारोबारी को जमीन खा गई या निगल गया आसमां, 6 महीने से नहीं चल रहा पता

**आगरा.** आगरा के सूर्य नगर (हरीपर्वत) के रहने वाले युवा सोल कारोबारी आलोक टंडन (उम्र 49 वर्ष) 23 अगस्त 2024 से लापता हैं। छह महीने बीत गए। पुलिस की छानबीन से परिजन नाखुश हैं। परिजनों का एक ही सवाल है आखिर वे क्या करें। कहां तलाश करें। आलोक टंडन का स्कूटर कैलाश पुल (सिकंदरा) पर मिला था। स्कूटर का ताला बंद था। हेलमेट स्कूट पर टंगा हुआ था। पहले पुलिस ने उनके यमुना में कूदने की आशंका जताई थी। स्टीमर से दो दिन तलाश की गई। कोई सुराग नहीं मिलने पर पुलिस की तलाश बंद हो गई। पुलिस ने आस-पास के जिलों में पता नहीं किया।

### पत्नी को प्रयागराज लेकर गया, वहीं कर दी हत्या

दिल्ली के रहने वाले एक 48 साल का व्यक्ति अपनी 40 साल की पत्नी को महाकुंभ के दौरान गंगा स्नान के लिए संगम नगरी में लाया था। उसने 18 फरवरी को उसकी हत्या कर दी थी। आरोपी की पहचान दिल्ली के त्रिलोकपुरी निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। उस पर हत्या और सबूतों से छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि कुमार के अपनी पत्नी के साथ अच्छे संबंध नहीं थे, क्योंकि वह उसके कथित अवैध संबंध के खिलाफ थी।

# गैस, कोलेस्ट्रॉल और डायबिटीज की 84 दवाइयां टेस्टिंग में फेल

- **सरकार ने जारी किया अलर्ट**

**नई दिल्ली.** देश भर में औषधि नियंत्रण अधिकारियों द्वारा दवाओं की टेस्टिंग की गई, जिसके रिपोर्ट चौंकाने वाले सामने आए हैं। सामान्य रूप से निर्धारित स्टेरॉयड और कोलेस्ट्रॉल कम करने वाली दवाओं सहित करीब 84 दवाओं की गुणवत्ता मानक स्तर की भी नहीं थी। नई दवाओं और दवाओं की टेस्टिंग करने वाली एजेंसी सीडीएससीओ ने इस बारे में अलर्ट जारी किया है। सीडीएससीओ हर महीने बाजार में बेची जा रही गैर-मानक गुणवत्ता वाली दवाओं के बारे में अलर्ट जारी करता है।

दिसंबर 2024 के अपने नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, उन्होंने विभिन्न फर्मों द्वारा निर्मित दवाओं के 84 बैचों को गैर-मानक गुणवत्ता का पाया। इसमें एसिडिटी, हाई कोलेस्ट्रॉल, डायबिटीज और जीवाणु संक्रमण जैसी सामान्य स्थितियों के लिए निर्धारित कुछ



दवाएं शामिल हैं।

एनएसक्यू के रूप में दवा के नमूनों की पहचान एक या दूसरे निर्दिष्ट गुणवत्ता मापदंडों में दवा के नमूने की विफलता के आधार पर की जाती है। अधिकारियों ने कहा कि विफलता सरकार द्वारा टेस्ट किए गए बैच की दवाओं के लिए विशिष्ट है। उन्होंने कहा, ₹एनएसक्यू और नकली दवाओं की पहचान करने की यह कार्रवाई राज्य नियामकों के सहयोग से नियमित आधार पर की जाती है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन दवाओं की पहचान की जाए और उन्हें बाजार से हटाया जाए।₹

हाल ही में सीडीएससीओ ने टेस्टिंग के लिए नए दिशा-निर्देश पेश किए। इसमें कहा गया है कि सभी ड्रग इंस्पेक्टर को एक महीने में कम से कम 10 नमूने एकत्र करने चाहिए। साथ ही, नए दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि नमूने लेने की योजना इस तरह से बनानी चाहिए कि नमूने उसी दिन प्रयोगशाला को भेजे जाएं। दिशा-निर्देशों के अनुसार, ग्रामीण स्थान या कार्यालय से दूर के स्थान के मामले में नमूना अगले दिन तक प्रयोगशाला को भेजा जाना चाहिए और उससे बाद में नहीं।

# तेलंगाना टनल हादसा- 8 मजदूरों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

- **NDRF बोला- अंदर आवाज लगाई, रिस्पॉन्स नहीं मिला**
- **पानी-कीचड़ निकालने हेवी पंप मंगाया**



**नागरकुर्नूल.** तेलंगाना के नागरकुर्नूल जिले में निर्माणाधीन श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (SLBC) टनल का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढह गया। इस दौरान 8 कर्मचारी फंस गए। NDRD-SDRF रेस्क्यू ऑपरेशन तेलंगाना टनल हादसा- 8 मजदूरों का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी चला रह है।

SDRF के अधिकारी के मुताबिक, सुरंग के अंदर जाने का कोई रास्ता नहीं है। घुटनों तक कीचड़ है। सुरंग के अंदर ऑक्सीजन भेजी जा रही है। पानी निकालने के लिए 100 हॉर्स पॉवर का पंप मंगवाया गया है।

रेस्क्यू के लिए NDRF के 145 और SDRF के 120 जवान तैनात हैं। सेना की एक इंजीनियर रेजिमेंट, जो सिकंदराबाद में इन्फैंट्री डिवीजन का हिस्सा है, उसे भी स्टैंड बॉय पर रखा गया है।

हादसा 22 फरवरी की सुबह करीब 8:30 बजे हुआ था। टनल के एंट्री पॉइंट से 14 किमी अंदर टनल की छत का करीब 3 मीटर हिस्सा ढहा है। इस दौरान टनल के अंदर करीब 60 लोग काम कर रहे थे।

# दिल्ली विस में आतिशी विपक्ष की नेता होंगी

- **AAP विधायक दल ने पूर्व CM को चुना**
- **आज से असेंबली का पहला सेशन**



**नई दिल्ली.** पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। आम आदमी पार्टी (AAP) की रविवार को हुई विधायक दल की बैठक में उन्हें विधायक दल का नेता चुना गया। बैठक में अरविंद केजरीवाल के अलावा पार्टी के सभी 22 विधायक मौजूद थे। दिल्ली विधानसभा का सत्र 24 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह 27 फरवरी तक चलेगा। 26 को शिवरात्रि की वजह से छुट्टी रहेगी। पहले दिन नए विधायक शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर अरविंदर सिंह लवली उन्हें शपथ दिलाएंगे।

इसके बाद स्पीकर और डिप्टी स्पीकर चुना जाएगा। रोहिणी से भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता का स्पीकर बनना लगभग तय है। वहीं मोहन सिंह बिष्ट को डिप्टी स्पीकर बनाया जा सकता है। विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को CM रेखा गुप्ता से मुलाकात की थी।

विजेंद्र गुप्ता ने कहा था कि 25 फरवरी को विधानसभा में CAG की सभी 14 पेंडिंग रिपोर्ट पेश होंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि AAP सरकार की गलत शराब नीति से दिल्ली को 2026 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है।

### CM रेखा गुप्ता ने अमित शाह से मुलाकात की

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इससे पहले शनिवार को वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिली थीं। शुक्रवार को वे राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति से मिलने पहुंची थीं। शाह ने सोशल मीडिया पर लिखा- आज मैंने दिल्ली की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और जनकल्याणकारी नीतियों पर जो भरोसा जताया है, उसे बरकरार रखते हुए मुख्यमंत्री के रूप में आपका कार्यकाल निश्चित रूप से दिल्ली को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा.

# महिला दिवस पर नई पहल करेंगे पीएम मोदी

- **'मन की बात' में क्या-क्या बोले प्रधानमंत्री...!**

**नई दिल्ली.** हर महीने की तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के जरिए देश को संबोधित किया। इस मन की बात में उन्होंने युवाओं और नारी शक्ति की बात की। उन्होंने महिला दिवस पर एक नई पहल का भी ऐलान किया। उन्होने इसरो और स्पेस सेक्टर को लेकर कहा, इसरों की सफलताओं का दायरा काफी बड़ा रहा है। दूसरे देशों के बहुत सारे सैटलाइट्स इसरो भेज चुका है। एक बडी बात यह भी रहा है कि स्पेस साइंटिस्ट की हमारी टीम में नारीशक्ति की भागेदारी लगातार बढ़ रही है। मुझे यह देखकर खुशी होती है कि आज स्पेस सेक्टर युवाओं के लिए पसंदीदा है। कुछ समय पहले तक किसी ने इस सेक्टर में प्राइवेट सेक्टर और स्टार्टअप के बारे में नहीं सोचा है। युवाओं के लिए स्पेस सेक्टर बेहतरीन ऑप्शन बन रहा है। आने वाले कुछ ही दिनों में नेशनल साइंस डे मनाने जा रहे हैं। हमारे बच्चों और युवाओं का साइंस में इंटरेस्ट और पैशन होना बहुत मायने रखता है। इसे लेकर मेरे पास एक विचार है जिसे आप वन डे ऐज ए साइंटिस्ट कह सकते हैं। आप अपना एक दिन एक वैज्ञानिक के रूप में बिताकर देखें। आप अपनी सुविधा के अनुसार, मर्जी के अनुसार कोई भी दिन चुन सकते हैं। उस दिन आप किसी रिसर्च लैब या स्पेस सेंटर जैसी जगहों पर जरूर जाएं। उन्होंने कहा, स्पेस और साइंस की तरह एक और क्षेत्र है जो तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। वह क्षेत्र है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस। एक सम्मलेन में मैं गया था वहां भारत की इस क्षेत्र में प्रगति की खूब सराहना की गई। हमारे देश में लोग एआई का उपयोग किस तरह से हो रहा है इसके कई मामले देखने को मिले।

### महिलाओं का योगदान व्यापक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारीशक्ति को लेकर कहा, अगले महीने 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। यह दिन नारीशक्ति को नमन करने का अवसर होता है। देवी महात्म्य का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, सभी विद्याएं देवी के ही विभिन्न स्वरूपों की अभिव्यक्ति हैं। समस्त नारीशक्ति में भी उनका ही प्रतिरूप है। देश की मातृशक्ति ने स्वतंत्रता संग्राम और संविधान के निर्माण में भी बड़ी भूमिका निभाई है। हंसा मेहता का मानना था कि हमारे झंडे में केसरिया रंग से नारी शक्ति की भावनाएं व्यक्त होती हैं। आज उनकी बातें सच साबित हो रही हैं। आप किसी भी क्षेत्र पर नजर डालें तो पाएंगे कि महिलाओं को योगदान कितना व्यापक है। इस बार महिला दिवस पर मैं अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स जैसे कि एक्स और इन्स्टाग्राम अकाउंट पर देश की कुछ प्रेरणास्रोत महिलाओं के लिए एक दिन के लिए सौंपने जा रहा हूं। जिन महिलाओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में अलग पहचान बनाई है। 8 मार्च को वे अपनी उपलब्धियों को देशवासियों के साथ साझा करेंगी। प्लेटफॉर्म मेरा होगा लेकिन उनकी चुनौतियों की बात होगी। आप भी नमो ऐप पर बनाए गए विशेष फोरम से इसका हिस्सा बनें।

### अमेरिका ने पाकिस्तान पर कसा शिकंजा

**वॉशिंगटन.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। अमेरिका ने पाकिस्तान में यूएस समर्थित कार्यक्रम के लिए 397 मिलियन डॉलर की राशि को फिर से जारी किया है। इस राशि के जरिए यह सुनिश्चित किया जाना है कि अमेरिका निर्मित एफ-16 फाइटर जेट का इस्तेमाल सिर्फ आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए पाकिस्तान द्वारा किया जाए, न कि भारत के खिलाफ इनका इस्तेमाल हो। 2019 में पुलवामा हमले के दौरान संबंधों में आए खटास के वक्त पाकिस्तान ने एफ-16 फाइटर जेट का इस्तेमाल भारत के खिलाफ किया था।

# केंद्र सरकार एडवोकेट बिल में बदलाव को तैयार

- **कानून मंत्री बोले- हर मुद्दे की जांच करेंगे**
- **BCI समेत अधिकतर राज्यों के वकील विरोध में थे**



**नई दिल्ली.** एडवोकेट अमेंडमेंट बिल 2025 को लेकर देशभर में वकीलों के विरोध के बाद केंद्र सरकार ने बिल में बदलाव करने का फैसला किया है। कानून मंत्रालय ने शनिवार (22 फरवरी) को बयान जारी कर कहा- सरकार ने वकीलों की आपत्तियों के मद्देनजर बिल में बदलाव का फैसला लिया है।

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने आश्वासन दिया कि बिल को अंतिम रूप देने से पहले सरकार सभी मुद्दों की अच्छी तरह से जांच करेगी और जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसा कोई प्रावधान नहीं करेगी जिससे कानूनी पेशे की आजादी और गरिमा कमजोर हो। केंद्र सरकार 1961 के एडवोकेट एक्ट में बदलाव करने के लिए अमेंडमेंट बिल लाने की तैयारी में है। लोगों के सुझाव के लिए बिल का फाइनल ड्राफ्ट सामने आने पर देशभर के वकील बिल के विरोध में आ गए थे।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया (BCI) समेत देश के अधिकांश बार काउंसिल ने केंद्र सरकार से बिल वापस लेने की मांग की थी। ऐसा न करने पर देशभर में हड़ताल की बात कही थी।

### 5 साल से जेल में बंद रेप आरोपी को जमानत

**मुंबई.** बॉम्बे हाईकोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के तहत 5 साल से जेल में बंद 24 साल के आरोपी को जमानत दे दी। कोर्ट ने कहा कि लड़की के साथ जो हुआ उसे इसकी पूरी समझ थी। वह अपनी मर्जी से आरोपी के पास गई थी। जस्टिस मिलिंद जाधव की बेंच ने कहा- मामला भले ही पॉक्सो एक्ट के तहत था और पीड़िता नाबालिग थी। लेकिन लड़की अपने माता-पिता को बताए बिना घर छोड़कर आरोपी के साथ चार दिनों तक रही। मामले के फैक्ट्स को देखने से समझ आ रहा था कि उसे इस बात की पूरी जानकारी थी कि वो क्या कर रही है, उसने अपनी मर्जी से आरोपी के साथ चार दिन बिताए थे।

बॉम्बे हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बेंच को पुलिस रिपोर्ट और लड़की के बाद में दिए गए बयानों में अंतर दिखा जिसमें मेडिकल जांच के दौरान भी बदलाव था। लड़की ने यह कहा कि वह आरोपी के साथ रिलेशनशिप में थी। होटल मालिक के बयान से यह भी सामने आया कि लड़की के पिता को उनके रिश्ते के बारे में जानकारी थी।

# कर्नाटक-महाराष्ट्र के बीच बस सर्विस बंद

- **KRTC के कंडक्टर से मराठी नहीं बोलने पर मारपीट हुई थी**
- **पुणे में कर्नाटक की बस पर लिखा- जय महाराष्ट्र**



**मुंबई.** कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवाएं रोक दी गई हैं। यह फैसला महाराष्ट्र स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (MSRTC) और कर्नाटक रोड ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (KRTC) ने मिलकर लिया है। पूरा विवाद दोनों राज्यों के बस ड्राइवर और कंडक्टर की पिटाई से जुड़ा है।

दरअसल 21 फरवरी को कर्नाटक के बेलगावी में मराठी में बात नहीं करने पर कुछ लोगों ने बस कंडक्टर महादेव हुक्केरी को पीटा था। यह इलाका महाराष्ट्र के बॉर्डर से लगता है। अगले दिन 22 फरवरी को कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले के गुइलाल में महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (MSRTC) के बस ड्राइवर भास्कर जाधव पर हमला किया गया।

### कंडक्टर हॉस्पिटल में एडमिट, 4 लोग अरेस्ट

DCP रोहन जगदीश ने बेलगावी के BIMS अस्पताल जाकर कंडक्टर के स्वास्थ्य की जानकारी ली। कर्नाटक की मरिहाल पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एक नाबालिग को हिरासत में भी लिया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मारुति तुरुमुरी, राहुल नायडू और बालू गोजगेकर के तौर पर हुई है।

### पीड़ित बोला- बस रुकते ही 6-7 लोग आए और पीटने लगे

बस कंडक्टर महादेव हुक्केरी ने बताया था कि मैं जब टिकट काट रहा तभी बस में एक महिला और एक पुरुष बैठे थे। पुरुष के साथ बैठी महिला ने मुफ्त में दो टिकट मांगी, मैंने उसे एक दे दिया और पूछा आप दूसरी टिकट किसके लिए चाहते हैं। महिला ने पुरुष की ओर इशारा किया।

मैंने बताया कि कर्नाटक में पुरुषों के लिए बस में मुफ्त सफर की सुविधा नहीं है तो उन्होंने मुझसे मराठी में बात करने को कहा। मैंने कहा कि मुझे मराठी नहीं आती है। मैंने उनसे कन्नड़ में बात करने को कहा। इतने पर ही बस में सवार 6-7 लोगों ने हमला कर दिया। बस के रुकते ही वहां लगभग 50 लोग और पहुंच गए। उन लोगों ने भी मारपीट की

# मोदी बोले- कुछ नेता हमारे पर्व-परंपरा को गाली देते हैं

## विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं; महाकुंभ को 'एकता का महाकुंभ' कहा

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बागेश्वर धाम में कहा- नेताओं का एक दल ऐसा है, जो धर्म का मखौल उड़ाता है। ये हमारे पर्व और परंपराओं को गाली देते रहते हैं। हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों से किसी न किसी भेष में रहते रहे हैं। ये हमारी मान्यताओं, संस्कृति और मंदिरों पर हमला करते रहते हैं। विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देती हैं।

पीएम ने बागेश्वर धाम में बालाजी कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का डिजिटल शिलान्यास किया। इससे पहले धीरेंद्र शास्त्री ने पीएम नरेंद्र मोदी को बालाजी का विग्रह भेंट किया। उन्होंने सनातन धर्म पर लिखी किताब और स्मृति चिह्न भी भेंट किया। पीएम ने बागेश्वर धाम में बालाजी के दर्शन भी किए।




**मोदी ने कहा-**

हमारे मंदिर एक ओर पूजा के केंद्र रहे हैं तो दूसरी ओर सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने हमें आयुर्वेद और योग का वो विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है।

हमारी तो मान्यता ही है कि परहित सरिस धर्म नहीं भाई। आजकल हम देख रहे हैं, महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुंभ अब पूर्णता की ओर है। अब तक करोड़ों लोग वहां पहुंच चुके हैं। करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है।

इस बार तो बालाजी का बुलावा आया है। आस्था का केंद्र आरोग्य का केंद्र बनने जा रहा है। अभी यहां बागेश्वर धाम मेडिकल साइंस सेंटर का भूमिपूजन किया है। यहां 10 एकड़ में बनेगा। पहले चरण में 100 बेड की सुविधा तैयार होगी। इस कार्य के लिए धीरेंद्र शास्त्री का अभिनंदन करता हूं। बुंदेलखंड के लोगों को बधाई देता हूं।

मैंने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को सरकार का संकल्प बनाया। सबका इलाज, सबको आरोग्य विजन को पूरा करने के लिए हम अलग-अलग स्तर पर फोकस कर रहे हैं। 2014 के पहले गरीब जितना बीमारी से नहीं डरता था, उतना डर उसे बीमारी के इलाज के खर्च से लगता था।

# परमाणु बम से 500 गुना ज्यादा तबाही

- **धरती की ओर बढ़ रहा क्षुद्रग्रह**
- **मुंबई-कोलकाता पर खतरा?**

**मुंबई.** मुंबई और कोलकाता समेत दुनिया के कई बड़े शहरों पर अंतरिक्ष से तबाही का साया मंडरा रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने चेतावनी दी है कि 2024 YR4 नामक एक विशाल क्षुद्रग्रह पृथ्वी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इसके टकराने की संभावना अब 3.1% तक बढ़ गई है, जो पहले 2.3% थी। अगर यह मुंबई या कोलकाता जैसे घनी आबादी वाले शहरों से टकराता है, तो पूरा इलाका खंडहर में बदल सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस टक्कर से होने वाला विस्फोट हिरोशिमा पर गिरे परमाणु बम से 500 गुना ज्यादा ताकतवर होगा।

### किन इलाकों पर मंडरा रहा खतरा?

इस संभावित टकराव का असर पूर्वी प्रशांत महासागर, उत्तरी-दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक महासागर, अरब सागर और दक्षिण एशिया के कुछ हिस्सों में दिख सकता है। वैज्ञानिकों ने खासतौर पर मुंबई, कोलकाता, ढाका, बोगोटा, आबिदजान, लागोस और खार्तूम जैसे बड़े शहरों पर खतरे की बात कही है।



### कितना बड़ा है ये क्षुद्रग्रह?

2024 YR4 की चौड़ाई 300 फीट और लंबाई 130 फीट बताई जा रही है। यदि यह पृथ्वी के वातावरण में प्रवेश करता है, तो यह लगभग 8 मेगाटन टीएनटी के बराबर ऊर्जा छोड़ सकता है। इसकी ताकत इतनी होगी कि यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 500 गुना ज्यादा विनाशकारी हो सकता है।

### पहले भी आया था ऐसा खतरा

इससे पहले भी पृथ्वी पर बड़े क्षुद्रग्रहों के टकराने के प्रमाण मिल चुके हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि डायनासोरों के विलुप्त होने की वजह भी एक विशाल क्षुद्रग्रह ही था, जिसका आकार लगभग 6 मील था। हालांकि, 2024 YR4 उस स्तर का खतरा नहीं पैदा करेगा, लेकिन इससे कई बड़े शहर तबाह हो सकते हैं।


### आम सूचना

मैं श्री चंद्रकांत उमाशंकर रावल सभी को सूचित कर रहा हूं कि बैरक नं. 38, रुम नं. 5, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 15एआय019131) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कमला महेश लखवाणी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 21.3.2012 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री चंद्रकांत उमाशंकर रावल**

### आम सूचना

मैं श्रीमती सीमा दीपक गुप्ता सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 204, रामायण अपार्टमेंट, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 08एआय014847700) उक्त प्रॉपर्टी श्री गोर्धनदास हुंदराजमल थदानी के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 11.6.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सीमा दीपक गुप्ता**

### आम सूचना

मैं श्री राजेश गणपति यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि हाफ पोर्शन ऑफ रुम, 210 चौ फुट, धोबीघाट, शास्त्री नगर, एटीपी हिन्दी स्कूल के सामने, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 25बीओ017294600(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री कमलेश गणपति यादव के नाम पर है। उनसे पार्टीशन डीड दि. 24.1.2025 सी.नं. 3481 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजेश गणपति यादव**

### आम सूचना

हम श्री शाहिद मुखतार खान व श्री मोहम्मद आरिफ इसरार अहमद खान सभी को सूचित कर रहे हैं कि रहवासी जगह, ब्लाक नं. ए-7 के पीछे, जयहिंद स्कूल के पास, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 09एओ014964000) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती राधिका कुंजबिहारी सिंघ के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.1.2025 सी.नं. 3272 द्वारा हमने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री शाहिद मुखतार खान व**
**श्री मोहम्मद आरिफ इसरार अहमद खान**

### आम सूचना

मैं श्री कमलेश गणपति यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि हाफ पोर्शन ऑफ रुम, 210 चौ फुट, धोबीघाट, शास्त्री नगर, एटीपी हिन्दी स्कूल के सामने, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 25बीओ017294600(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजेश गणपति यादव के नाम पर है। उनसे पार्टीशन डीड दि. 24.1.2025 सी.नं. 3487 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री कमलेश गणपति यादव**

### आम सूचना

मैं श्रीमती सोनू आनंद सिंघ सभी को सूचित कर रही हूं कि फ्लैट नं. 401, 4था माला, महेश अपार्टमेंट, रुम नं. 36-37, बैरक नं. 1085, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 37बीओ006812900) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती कमलेश वीरेंद्रप्रसाद सिंघ के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 17.2.2025 सी.नं. 3749 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती सोनू आनंद सिंघ**

## संक्षेप...

### लड़के का यौन शोषण करने के आरोप में वार्ड बॉय गिरफ्तार

**नवी मुंबई.** एक निजी अस्पताल के 27 वर्षीय वार्ड बॉय को कामोठे पुलिस ने 17 वर्षीय लड़के का यौन शोषण करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. पीड़ित लड़के की मां अस्पताल में भर्ती थी। गुरुवार को लड़के की मां को इलाज के लिए कामोठे के निजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित अपनी मां की देखभाल के लिए रात में अस्पताल में रुक गया था। सुबह करीब 6 बजे, जब पीड़ित सो रहा था, अस्पताल के 27 वर्षीय वार्ड बॉय ने लड़के के कपड़े उतार दिए और उसके साथ दुष्कर्म किया। कामोठे पुलिस में वार्ड बॉय के खिलाफ मामला दर्ज करा दिया।

# मुंबई में गंदगी फैलाने पर देना होगा जुर्माना

- बीएमसी ने 1.40 लाख लोगों से वसूले 4.5 करोड़ रुपये




**मुंबई.** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने मुंबई में गंदगी फैलाने वालों से जुर्माना वसूलने के लिए विभिन्न स्थानों पर क्लीन-अप मार्शल तैनात किए हैं, जिन्होंने पिछले साल 4 अप्रैल से इस साल 18 फरवरी के बीच 1.40 लाख लोगों से 4.5 करोड़ रुपये वसूले थे. बीएमसी द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बीएमसी के एफ-साउथ वार्ड में कूड़ा फैलाने वालों से 31.34 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया, जिसमें दादर और परेल शामिल हैं, आर-सेंट्रल वार्ड से 16.03 लाख रुपये, बोरीवली से 16.03 लाख रुपये और आर-साउथ वार्ड से 12.70 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया, जिसमें कांदिवली शामिल है.

गुरुवार को बीएमसी के अतिरिक्त नगर आयुक्त अश्विनी जोशी ने मुंबई में प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई बढ़ाने पर चर्चा के लिए ठोस अपशिष्ट विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग न करने, खुले में जलाने, पेड़ों की पत्तियों और बायोमेडिकल कचरे का उचित निपटान न करने पर भी चर्चा हुई. हालांकि मुंबई के प्रत्येक वार्ड में 30 क्लीन-अप मार्शल तैनात किए गए हैं, लेकिन केवल कुछ क्लीन-अप मार्शल ही काम करते पाए जाते हैं.

बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी), जहां 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का प्रबंधन कर रहा है, वहीं नगर निगम प्रमुख भूषण गगरानी ने नवीनतम बजट अनुमान में राजस्व बढ़ाने के लिए विभिन्न रणनीतियों की रूपरेखा तैयार की है. बीएमसी ने राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश जारी करने का अनुरोध किया था कि अतिरिक्त फ्लोर स्पेस इंडेक्स (एफएसआई) के लिए प्रीमियम का 50 प्रतिशत नगर निकाय को आवंटित किया जाए.

अपनी भूमि परिसंपत्तियों से राजस्व उत्पन्न करने के लिए, बीएमसी ने वार्षिक दरों के विवरण (एएसआर) के 100 प्रतिशत के आधार पर अपने भूखंडों को नीलामी करने का निर्णय लिया है. इस तरह की पहली नीलामी वर्ली में डामर संयंत्र में एक भूखंड के लिए होगी, जिसे निजी खिलाड़ियों द्वारा विकास के लिए पट्टे पर दिया जाएगा.

# 'जनता दरबार' से पहले 150 से ज्यादा शिकायत



- वन मंत्री नाईक का पहला जनता दरबार हाउसफुल होने का आसार

**ठाणे.** राज्य के वन मंत्री और ठाणे जिला भाजपा संपर्क मंत्री गणेश नाईक के सोमवार को आयोजित जनता दरबार के कारण ठाणे जिले के राजनीतिक हलकों में आरोप-प्रत्यारोप की चर्चा जोरों पर है। पूर्व सांसद व बीजेपी नेता संजीव नाइक ने संकेत दिया है। गणेश नाईक का जनता दरबार 10 साल बाद फिर से भरा होगा क्योंकि जनता दरबार के टोकन दिए जाने से पहले ही राजस्व, अतिक्रमण, अनधिकृत निर्माण आदि से संबंधित 150 से अधिक शिकायतें दर्ज की गई है।अधिक से अधिक शिकायतों का समाधान करने के उद्देश्य से वन मंत्री व जिला भाजपा संपर्क मंत्री गणेश नाईक सोमवार 24 फरवरी खारकर अली रघुवंशी हॉल में जनता जनता दरबार लगाएंगे। हॉल में आने वाले ठाणेकरों को कोई असुविधा तो नहीं होगी यह देखने के लिए भाजपा नेता पूर्व सांसद संजीव नाईक ने शनिवार दोपहर खारकर अली स्थित हॉल का निरीक्षण किया।इस अवसर पर वन, पुलिस, राजस्व,मनपा आदि सभी विभागों के अधिकारी जनता दरबार में जाने से पहले निरीक्षण के लिए मौजूद थे।कुछ दिन पहले वन मंत्री गणेश नाईक ने ठाणे के कोपरी इलाके में एक नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में घोषणा की थी कि दो महीने में एक बार जनता दरबार लगाया जाएगा। इसी के तहत ठाणे में सोमवार को लगने वाले जनता दरबार की चर्चा जोरों पर है। करीब 10 साल बाद गणेश नाईक का दरबार ठाणे में लगेगा। इस जनता दरबार में ठाणेकरों के कई सवालों का समाधान होने की संभावना है। इसके चलते पूर्व सांसद संजीव नाईक ने बताया कि राजस्व, नगर निगम, वन विभाग आदि की 150 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं।

# 'देवेंद्र जी का फोन आया... मेरे रोंगटे खड़े हो गए'

### महाराष्ट्र पहुंचकर ऐसा क्यों बोले गृहमंत्री अमित शाह?



**पुणे.** महाराष्ट्र के पुणे में शनिवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 20 लाख लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र और 10 लाख लाभार्थियों को सहायता की पहली किस्त वितरित की. इस मौके पर उन्होंने कहा कि जब देवेंद्र फडणवीस का फोन आया और यह बताया गया कि 20 लाख लोगों को एक साथ घर मिल रहा है तो उनके रोंगटे खड़े हो गए. उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया.

### लाखों लोगों का घर का सपना पूरा हुआ..

अमित शाह ने कहा कि इस योजना से लाखों लोगों का घर का सपना पूरा हुआ है. उन्होंने यूपी के देवरिया का जिक्र करते हुए कहा कि एक महिला ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उसकी सातवीं पीढ़ी अब खुद के घर में रहेगी. उन्होंने बताया कि इन घरों में सोलर पैनल, शौचालय जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं और जल्द ही गैस सिलेंडर भी मिलेगा. इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार और केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे.

### 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य

गृहमंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा है और इसके लिए हर नागरिक का विकास जरूरी है. उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण में महाराष्ट्र को सबसे ज्यादा घर मिले हैं. उनके मुताबिक, यह योजना केवल घर देने तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के विकास की नींव रखने का काम कर रही है.

इसके अलावा अमित शाह ने महाराष्ट्र की राजनीति पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि विधानसभा चुनावों में महायुति को मिली भारी जीत से यह साफ हो गया कि असली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) कौन है. उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की जनता के आशीर्वाद से महायुति सत्ता में आई और भाजपा-शिवसेना-राकांपा की सरकार बनी. शाह ने बताया कि मोदी सरकार ने तीसरी बार सत्ता में आते ही पहली कैबिनेट बैठक में पीएम आवास योजना के दूसरे चरण को मंजूरी दी. जिसके तहत 2029 तक 5 करोड़ घर बनाए जाएंगे.

### ट्रायल के लिए चलाई गई अमृत भारत एक्सप्रेस

**मुंबई.** हाल ही में बहुप्रतीक्षित अमृत भारत ट्रेन मध्य रेलवे लाइन पर ट्रायल के लिए चलाई गई. यह ट्रेन अनारक्षित जनता वंदे भारत ट्रेन है. इस ट्रेन का इगतपुरी और पुणे के घाट खंडों पर व्यापक परीक्षण किया जा रहा है. इस ट्रेन का ट्रायल शनिवार से शुरू किया गया है. मिली जानकारी के अनुसार, अमृत भारत एक्सप्रेस एक पुश-पुल ट्रेन है, जिसके दोनों तरफ इंजन लगे हैं, यह सुपरफास्ट, गैर-वातानुकूलित, कम लागत वाली, स्लीपर सह अनारक्षित सेवा की एक श्रेणी है, जो 800 किमी से अधिक दूर के शहरों को जोड़ती है. हालांकि अभी तक इस ट्रेन को मध्य रेलवे के किस रूट पर चलाया जाएगा, इसको लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है.

## आम सूचना

मैं श्री राजेश गणपति यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि हाफ पोर्शन ऑफ रुम, 111 चौ फुट, बैरक नं. 735, शास्त्री नगर, एटीपी हिन्दी स्कूल के सामने, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 25बीओ04515800(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री कमलेश गणपति यादव के नाम पर है। उनसे पार्टीशन डीड दि. 24.1.2025 सी.नं. 3485 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री राजेश गणपति यादव**

# अवैध निर्माण कार्य को लेकर कोर्ट ने सख्त रूप अपनाया




- कोर्ट मनपा के कामकाज पर किया टिप्पणी
- मनपा क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे अवैध निर्माण कार्य को पूरी तरह से जमींदोज करें सहायक आयुक्त
- मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दिया स्पष्ट निर्देश

**ठाणे.** शहर के प्रभाग समिति बीट डायरी में दर्ज सभी अवैध निर्माण कार्य ध्वस्त करने के लिए सहायक आयुक्त लापरवाही नही बरतने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने दिया सख्त निर्देश।सभी प्रणालियों और जनशक्ति के सहयोग से शहर के सभी प्रभाग समितियों में तैयार अवैध निर्माण कार्य को जमींदोज करने के लिए स्पष्ट निर्देश दिया।साथ ही यह भी कहा कि अवैध निर्माण कार्य तोड़ने के लिए नया तरीका अपनाना पड़ेगा।मनपा क्षेत्र के अंतर्गत सभी प्रभाग समितियों में मिलाकर कुल 769 अवैध निर्माण कार्य है।जिसमें 663 अवैध निर्माण कार्य बीट निरीक्षकों ने बीट डायरी में दर्ज किया है।यह सभी निर्माण कार्य चाहे वह कंक्रीट या अर्ध कंक्रीट हो उन्हें तत्काल जमींदोज किया जाय।साथ साथ आयुक्त राव ने यह भी कहा कि तोड़क कार्रवाई के दौरान पुलिस बंदोबस्त नही मिला,स्थानीय लोगों का विरोध या किसी का दबाव आया इस प्रकार का कोई भी कारण नही बोलते हुए अवैध निर्माण कार्य ध्वस्त होना चाहिए।इसके लिए अन्य आवश्यक जरूरत को परिमंडल उपायुक्त उपलब्ध करेंगे।लेकिन इस कार्य में निडर व निष्पक्ष होकर कार्रवाई करने के लिए आयुक्त राव ने निर्देश दिया।इसके लिए मनपा मुख्यालय में स्थित आयुक्त कार्यालय में बैठक में अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, सहायक संचालक नगररचना संग्राम कानडे, विधी अधिकारी मकरंद काले, उपायुक्त मनीष जोशी, शंकर पाटोले, दिनेश तायडे, उपनगर अभियंता विनोद पवार सहित सभी सहायक आयुक्त उपस्थित थे।

### कामकाज में लापरवाही बरती तो सख्त कार्रवाई

इस बैठक में आयुक्त राव ने स्पष्ट कहा कि किसी भी सहायक आयुक्त ने अपने कामकाज में लापरवाही बरती तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी।साथ ही यह भी चेतावनी दी कि इस पद पर कार्यरत रहना है तो सभी दबाव को दूर कर काम करना होगा।इस विषय पर आरटीआय कार्यकर्ता अजय जया ने अवैध निर्माण कार्य पर अपना विचार व्यक्त किया कि जिस सहायक आयुक्त के कार्यकाल में अवैध निर्माण कार्य किया गया है उन पर भी कड़क कार्रवाई होना चाहिए।इतने निर्माण कार्य तोड़ना संभव नहीं है।इस कार्रवाई को लेकर कोई न कोई कोर्ट में जाकर स्टे लेगा।

# भिवंडी मनपा का शौचालय बना जुआरियों और नशेड़ियों का अड्डा

- नागरिकों ने की चालू करने की मांग
- अन्यथा आंदोलन की चेतावनी



**भिवंडी.** भिवंडी शहर के कामतघर इलाके के विनायक नगर में दो वर्षों में 30 लाख रुपये की लागत से एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया गया था। लेकिन आज तक शौचालय का शुरू नहीं होने के कारण इन शौचालयों में ताला लटका हुआ है, इससे नागरिकों को अत्यधिक कष्ट सहना पड़ता है। नागरिकों की शिकायत है कि इस बंद पड़े शौचालय क्षेत्र को जुआरियों और गरदुल्लों ने अपना ठिकाना बना लिया है। परेशान स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत पूर्व नगरसेवक कमलाकर पाटिल से की तो उन्होंने स्थानीय वार्ड समिति क्रमांक तीन के सहायक आयुक्त सुरेंद्र भोईर को मौके पर बुलाया और मौके का निरीक्षण किया और चेतावनी दी कि यदि मंगलवार तक शौचालय नहीं खोला गया तो नागरिक शौचालय के डिब्बा के साथ मनपा मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे।।

## आम सूचना

मैं श्री कमलेश गणपति यादव सभी को सूचित कर रहा हूं कि हाफ पोर्शन ऑफ रुम, 111 चौ फुट, बैरक नं. 735, शास्त्री नगर, एटीपी हिन्दी स्कूल के सामने, उल्हासनगर- 3. (टैक्स नं. 25बीओ04515800(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री राजेश गणपति यादव के नाम पर है। उनसे पार्टीशन डीड दि. 24.1.2025 सी.नं. 3483 द्वारा प्राप्त की है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री कमलेश गणपति यादव**

# मुंबई-ठाणे में चोरी के दो आरोपी अहमदाबाद से गिरफ्तार

**ठाणे.** महाराष्ट्र के ठाणे और मुंबई में कई महिलाओं के आभूषण चुराने के आरोप में अहमदाबाद से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अविराज कुर्हाड़े ने रविवार को बताया कि यह अपराध तब प्रकाश में आया जब पुलिस 4 फरवरी को यहां भयंदर इलाके में 60 वर्षीय महिला के आभूषण चोरी होने के मामले की जांच कर रही थी। उन्होंने बताया कि महिला भयंदर रेलवे स्टेशन से घर जा रही थी, तभी आरोपी ने उसे बीच रास्ते में रोक लिया और बातों में उलझाकर कथित तौर पर उसके 80,000 रुपये मूल्य के आभूषण चुरा लिए। नवघर पुलिस ने मामले में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी गुजरात के अहमदाबाद के रहने वाले हैं। गुजरात पुलिस की मदद से दोनों को अहमदाबाद के सरदार नगर इलाके से 19 फरवरी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पता चला कि उनके खिलाफ ठाणे और मुंबई के विभिन्न पुलिस थानों में इसी तरह के 10 अन्य मामले दर्ज हैं। आरोपियों से चोरी की गई कीमती वस्तुओं को बरामद करने के प्रयास जारी हैं।

### संत गाडगेबाबा की जयंती मनाई गई

**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली मनपा मुख्यालय में महान समाज सुधारक संत गाडगेबाबा की जयंती की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई, इस अवसर पर मनपा मुख्यालय में शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे ने संत गाडगेबाबा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित पर उन्हें नमन किया. इस अवसर पर उपस्थित केडीएमसी के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपायुक्त संजय जाधव एवं अन्य मनपा स्टाफ सदस्यों ने भी 'संत गाडगे बाबा' को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया.


## CHANGE OF NAME

My old Maiden Name is
**Rekha Tulsidas Kurseja**
Now My New Name is
**Yashika Rakesh Wadhwa**
Now I will be known as my new name
**Yashika Rakesh Wadhwa**
Add:. Flat. No. 101, Mannat Sagar Apartment, Block No. C-54, Ulhasnagar-421004., Dist. Thane.


# एसएसटी महाविद्यालय की त्रिशा नायर का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन

**उत्तराखंड में होने वाले नेशनल गेम्स में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगी**



**उल्हासनगर.** एसएसटी महाविद्यालय की प्रतिभाशाली खिलाड़ी त्रिशा नायर का चयन उत्तराखंड में होने वाली नेशनल गेम्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता के रिले 100×4 स्पर्धा के लिए हुआ है। यह चयन महाविद्यालय और पूरे उल्हासनगर के लिए गर्व की बात है।

त्रिशा नायर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी योग्यता साबित की है। अपने खेल कौशल और निरंतर कड़ी मेहनत के बलबूते उन्होंने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया है। उनके इस सफलता के पीछे महाविद्यालय के मार्गदर्शकों, प्रशिक्षकों, प्राचार्य और खेल विभाग का महत्वपूर्ण योगदान है।

महाविद्यालय के प्राचार्य, खेल विभाग प्रमुख और सभी शिक्षकों ने त्रिशा की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं। त्रिशा का चयन अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी साबित होगा और महाविद्यालय की खेल जगत में प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला साबित होगा।

उत्तराखंड में आयोजित होने वाली इस नेशनल गेम्स एथलेटिक्स प्रतियोगिता में त्रिशा नायर महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी सफलता के लिए हर ओर से शुभकामनाएं दी जा रही हैं।






# नरगिस फाखरी ने बॉयफ्रेंड से की गुपचुप शादी!

### वायरल हो रहीं तस्वीरों से मिला हिंट



एक्ट्रेस नरगिस फाखरी ने अपने लॉन्गटाइम बॉयफ्रेंड टोनी बेग से शादी कर ली है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनों ने हाल ही में लॉस एंजिल्स में गुपचुप तरीके से शादी की। इसमें सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल हुए थे। अब यह कपल स्विट्जरलैंड में अपना हनीमून मना रहा है। हालांकि, नरगिस ने अभी तक इस मामले में कोई रिएक्शन नहीं दिया है। रेडिट पर BollyBlindsNGossip की ओर से नरगिस फाखरी और टोनी बेग की कुछ तस्वीरें शेयर की गई हैं। इसमें उनका वेडिंग केक दिखाई दे रहा है, जिस पर 'हैप्पी मैरिज' लिखा हुआ है। साथ ही दोनों के साइन भी किए गए हैं।

### कौन हैं टोनी बेग

टोनी बेग कश्मीर के रहने वाले एक बिजनेसमैन हैं। दोनों की पहली मुलाकात एक पार्टी के दौरान हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नरगिस और टोनी 2022 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं।

### स्विट्जरलैंड की फोटोज शेयर कीं

नरगिस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर स्विट्जरलैंड की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके अलावा, एक्ट्रेस टोनी की स्टोरीज भी री-शेयर कर रही हैं। इस वजह से सोशल मीडिया यूजर्स का कहना है कि दोनों ने वास्तव में शादी कर ली है और अब वे हनीमून मना रहे हैं। उदय चोपड़ा ने साल 2013 में नरगिस फाखरी को डेट करना शुरू किया था। एक-दूसरे को पांच साल तक डेट करने के बाद, दोनों ने 2017 में ब्रेकअप कर लिया था। हालांकि, एक इंटरव्यू में उदय के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए नरगिस ने कहा था, 'उदय और मैंने 5 साल तक डेट किया और वह भारत में मुझे मिले सबसे खूबसूरत इंसान थे। मैंने मीडिया के सामने यह कभी नहीं कहा क्योंकि लोगों ने मुझे अपने रिश्ते को छिपाकर रखने के लिए कहा था.






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099